प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे वाराणसी : 8 नवंबर को बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा : स्टेशन पर सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर दिए, आवश्यक दिशा निर्देश।**
3. **प्रधानमंत्री कल राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरु होने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरण–उत्सव कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ : प्रदेशभर में होगा विविध कार्यक्रमों का आयोजन। और**
4. **केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने आज आगरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का किया शिलान्यास : कहा शैक्षिक पर्यटन के साथ स्थानीय युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री 8 नवंबर को बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस–खजुराहो,**

लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। भारत की आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को दखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। अगले दिन यानी आठ नवंबर को वह बनारस स्टेशन से वाराणसी–खजुराहो वंदेभारत एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री प्लेटफार्म नंबर 8 पर बने मंच से जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। बरेका खेल मैदान में बने तीन हेलीपैड में से एक पर वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने टच एंड गो (ट्रायल लैंडिंग) का अभ्यास भी कर लिया है। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बनारस रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रहें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी भव्य स्वागत की तैयारी की है। पार्टी 7 नवंबर आगमन के समय विभिन्न*

*स्थानों पर प्रधानमंत्री का फूल मालाओं से अभिवादन करेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले एक वर्ष के स्मरण–उत्सव का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उद्घाटन समारोह का आयोजन करेगा। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के 18 स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। बाइट......

*7 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के 18 अलग–अलग स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन का एवं सभा का बृहद आयोजन किया जाएगा। 8 से 15 नवंबर 2025 तक सभी हमारे मुख्यालयों पर सामूहिक गान एवं सभा का कार्यक्रम होगा। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन भागीदारी के साथ निकाली जाएंगी।*

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने की पहली तारीख को राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोहों को मंजूरी दी थी।

——————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

——————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस चरण में राजधानी पटना सहित 18 जिलों की 121 सीटों के लिए मतदान हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में वहीं उपमुख्यमंत्री और तारापुर सीट से भाजपा उम्मीदवार सम्राट चौधरी ने मुंगेर में वोट डाला। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उनकी पत्नी ने हाजीपुर के मतदान केंद्र पर वोट डाला। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी दरभंगा में मतदान किया।

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं अगले वर्ष एक साथ 18 फरवरी से शुरु होंगी और 12 मार्च तक संपन्न होंगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की ओर से वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया है। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2026 तक संपन्न होंगी। यूपी बोर्ड की ओर से दोनों ही कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन दो शिफ्ट में करवाया जायेगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक संपन्न करवाई जाएंगी। वर्ष 2026 बोर्ड परीक्षाओं के लिए दोनों ही कक्षाओं को मिलाकर 5230297 छात्र–छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

———————

**नरेन्द्र मोदी सरकार की कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से ऑटोमोबाइल उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है।.....**

*नए जीएसटी सुधारो ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में करो में उल्लेखनीय कमी करके नागरिकों को राहत प्रदान की है। 3500 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली बाइकों पर जीएसटी को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया गया है। वहीं, 1200 सीसी से अधिक क्षमता वाली पेट्रोल इंजन कारों और 1500 सीसी से अधिक की इंजन क्षमता वाली डीजल कारों पर टैक्स अब 18ः लगता है। इससे किफायती श्रेणी की गाड़ियां सस्ती हो गई है और घरेलू उपभोग को भी बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त बड़ी कारों पर अब बिना किसी उपकर के 40ः कर लगता है। मोटर कारों और मोटर बाइकों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कल–पुर्जों पर भी टैक्स घटाकर 18ः कर दिया गया है।*

*यह सुधार घरेलू मांग और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा दे रहे हैं जिससे भारत के भारी उद्योगों में सतत और तकनीक संचालित विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है विसु जायसवाल के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

**केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा में 39 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला का शिलान्यास किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोल शास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा। पेश है एक रिपोर्ट...**

*नक्षत्र शाला के शिलान्यास के अवसर पर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी उपस्थित थे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि लखनऊ और गोरखपुर के बाद आगरा का साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त पार्क होगा, जहाँ छात्र–छात्राएँ और आमजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों से रुबरू होंगे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के हर मंडल मुख्यालय पर साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————————

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज मऊ में आयोजित कार्यक्रम में विद्युत विभाग के कर्मियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्युतकर्मी प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

(समाप्त)